जागरण

# Gorakhpur News: बेलीपार में नकली सीमेंट का भंडाफोड़, एसटीएफ के छापे से खुला खेल



**जागरण संवाददाता, बेलीपार (गोरखपुर)।** मड़वरिया कुआ चौकी से 250 मीटर की दूरी पर ब्रांडेड कंपनी के नाम पर नकली सीमेंट बेचने का धंधा चल रहा था। बुधवार को लखनऊ एसटीएफ की टीम ने गोदाम पर छापेमारी की। जांच के बाद दो कर्मचारी व दुकान मालिक को हिरासत में लेकर बेलीपार थाने पर पूछताछ कर रही है। गोदाम में रखे गए बाेरियों पर कई कंपनी के नाम मिले हैं। यह धंधा कई वर्ष से चल रहा था।

लखनऊ एसटीएफ के अनुसार उनके पास काफी दिनों से इस अवैध धंधे की शिकायत मिल रही थी। बुधवार की शाम जब वह एक गोदाम पर पहुंचे तो वहां पर कई कंपनी के नाम से सीमेंट की खाली और भरी हुई बोरी रखी गई थी। छापेमारी के दौरान सीमेंट बनाने की सामग्री व पैकिंग करने वाले सामान बरामद हुए।

दुकानदार खराब सीमेंट को गोदाम पर लाकर ब्रांडेड कंपनी के नाम वाली बोरियों में भरकर पैकिंग करने का काम करता था। इसके बाद वह कंपनी के दाम पर दुकानों पर बेचता था।

Source: https://www.jagran.com/uttar-pradesh/gorakhpur-city-fake-cement-busted-in-gorakhpur-stf-raid-exposes-branded-company-scam-23962140.html